ग्रेनो अथॉरिटी की बोर्ड बैठक में मेट्रो के दो नए रूट का प्रस्ताव पास

सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक एक्वा लाइन का नया रूट

■ विशेष संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

एक्वा लाइन के सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन से एक्सप्रेसवे होते हुए बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक करीब 14 किमी लंबा नया रूट बनेगा। इसके अलावा ग्रेनो में डिपो मेट्रो स्टेशन से बोड़ाकी तक करीब 4 किमी लंबा नया ट्रैक बनाया जाएगा। ग्रेनो अथॉरिटी की 114वीं बोर्ड बैठक में यह दोनों प्रस्ताव शुक्रवार को पास कर दिए गए। इसके लिए एनएमआरसी डीपीआर तैयार करेगी। इसके लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

ग्रेनो अथॉरिटी के चेयरमैन व यूपी के मुख्य सचिव अनूप चंद्र पांडेय ने बोर्ड बैठक के बाद बताया कि अथॉरिटी ने एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित नोएडा के सेक्टर-142 के पास से बॉटनिकल गार्डन के पास ब्लू लाइन से एक्वा लाइन को कनेक्ट करने का प्रस्ताव पास किया है। करीब 14 किमी लंबे इस रूट पर 1500 से 2 हजार करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है। इस नए रूट से सबसे ज्यादा फायदा एक्वा मेट्रो प्रॉजेक्ट को होगा। फिलहाल एक्वा मेट्रो को उम्मीद के मुताबिक पैसेंजर नहीं मिल रहे हैं। नया रूट शुरू होने के बाद ग्रेनो के लोग कम समय में नोएडा और दिल्ली से जुड़ पाएंगे। यह रूट नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे से होते हुए बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक पहुंचेगा। इससे नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के आसपास के सेक्टरों में रहने वाले लोगों को फायदा होगा।



बोर्ड बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी देते मुख्य सचिव अनूपचंद पांडेय (बीच में), सीईओ नरेंद्र भूषण (बाएं) और एसीईओ कृष्ण कुमार गुप्त (दाएं)

देखें Page4 पर

एक्वा लाइन को होगा फायदा

नोएडा-ग्रेनो के बीच चल रही एक्वा मेट्रो फिलहाल ब्लू लाइन से सीधे कनेक्ट नहीं है। एक्वा लाइन मेट्रो ग्रेनो से चल कर नोएडा के सेक्टर-51 तक आती है। यहां से करीब 400 मीटर की दूरी पर ब्लू लाइन का सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन है। इन दोनों स्टेशनों को जोड़ने के लिए वॉकवे बनाया गया है। इसके अलावा इन दोनों स्टेशनों को स्काईवॉक से जोड़ने का प्लान है। ग्रेनो के ज्यादातर लोग सीधे दिल्ली व नोएडा के सेक्टर-18 व 37 की तरफ जाते हैं। ऐसे में शहर के लोगों के लिए यह फायदेमंद साबित नहीं हो रही है। उन्हें किराया भी अधिक देना पड़ रहा है और समय भी अधिक लगता है। लिहाजा वह बस व कैब में सफर करना ही पसंद कर रहे हैं। मेट्रो खाली व घाटे में चल रही है। इसी के चलते अथॉरिटी को अब अपने प्लान में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

बोड़ाकी तक जाएगी लाइन

साथ ही बोर्ड बैठक में ग्रेटर नोएडा में एक्वा लाइन के डिपो स्टेशन से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन को कनेक्ट करने का प्रस्ताव पास किया गया। ग्रेटर नोएडा में डिपो स्टेशन से ही मेट्रो शुरू होती है। यहां से बोड़ाकी रेलवे स्टेशन करीब 4 किमी दूर है। बोड़ाकी में विश्वस्तरीय रेलवे जंक्शन और मल्टिमॉडल ट्रांसपोर्ट हब भी प्रस्तावित है। लिहाजा बोड़ाकी तक मेट्रो ले जाना बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

बढ़ेगी कनेक्टिविटी

- करीब 14 किलोमीटर लंबा होगा नया रूट
- मेट्रो के डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक बनेगा 4 किमी लंबा ट्रैक
- डीपीआर के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का किया प्रावधान

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का इंतजार

■ विशेष संवाददाता, ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का इंतजार लगातार बढ़ता जा रहा है। इस एरिया में आबादी तेजी से बढ़ रही है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा अच्छी न होने से लोग परेशान हैं। ऐसे में हर कोई यह सवाल पूछ रहा है कि यहां मेट्रो का काम कब शुरू होगा। ग्रेनो वेस्ट मेट्रो के लिए 4 दिसंबर 2018 को हुई 113वीं बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास हुआ था। इसके तहत नोएडा के सेक्टर-71 से ग्रेनो वेस्ट के नॉलेज पार्क-5 तक 9 स्टेशन बनाए जाने हैं। करीब 2602 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पहले चरण में नोएडा के सेक्टर-71 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-2 तक काम होगा और 9.15 किमी लंबे रूट पर 5 स्टेशन बनेंगे। ये स्टेशन नोएडा के सेक्टर 120, 123, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सेक्टर-4, 16बी और 2 में बनाए जाएंगे। ग्रेनो वेस्ट मेट्रो को 30 दिसंबर 2020 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी डीपीआर पूर्व में ही बन चुकी है। प्रस्ताव शासन को गया हुआ है, जहां से मंजूरी के इंतजार में है।